# 01. वर्णमाला (वर्ण, स्वर, व्यंजन, ध्वनियाँ)

**1. बड़बड़ाना, खटखटाना और भनभनाना शब्दों में क्रिया के कौन-से प्रकार के धातु का प्रयोग किया गया है?**

(a) प्रेरणार्थक धातु (b) एकाक्षरी धातु
(c) अनुकरण धातु (d) संयुक्त धातु
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**Haryana (CET) -06/11/2022 Shift-I**

**Ans. (c) :** बड़बड़ाना, खटखटाना तथा भनभनाना शब्दों में क्रिया के अनुकरण धातु का प्रयोग किया गया है। दिए गए अन्य विकल्प असंगत है।

**अनुकरण धातु –** किसी पदार्थ की ध्वनि के अनुकरण पर जो धातु बनाये जाते हैं, उन्हें अनुकरण धातु कहते हैं। ये धातु ध्वनिसूचक शब्द के अन्त में 'आ' करके 'ना' जोड़ने से बनते है। जैसे–बड़बड़ से बड़बड़ाना, खटखट से खटखटाना तथा भनभन से भनभनाना।

**2. दो भिन्न-भिन्न व्यंजनों के परस्पर मेल को______व्यंजन कहते हैं।**

(a) द्वित्व (b) अल्पप्राण
(c) संयुक्त (d) इनमें से कोई नहीं

**Haryana Police Cons. 01/11/2021 Shift-III P4**

**Ans. (c) :** दो भिन्न-भिन्न व्यंजनों के परस्पर मेल को संयुक्त व्यंजन कहते हैं। हिंदी वर्णमाला में संयुक्त व्यंजनों की कुल संख्या चार (क्ष, त्र, ज्ञ, श्र) हैं।

**3. ________ धातु वे है, जो किसी दूसरे शब्द से न बने हो, जैसे-करना, बैठना, चलना आदि।**

(a) प्रेरणार्थक (b) यौगिक
(c) मूल (d) इनमें से कोई नहीं

**Haryana Police Cons. Ex-02/11/2021 Shift-III**

**Ans. (c) :** वे शब्द, जो किसी दूसरे शब्द से न बने हो उन्हें 'मूल धातु' कहते है। जैसे-करना, बैठना, चलना इत्यादि। जो धातु किसी दूसरे शब्द से बनाये जाते है वे यौगिक धातु कहलाते हैं। जैसे-'रंग' से रगना, 'चिकना' से 'चिकनाना' आदि।

**4. ________ वह शास्त्र है जो भाषा के शुद्ध रूप के ज्ञान का है और भाषा को स्थायी एवं मानक रूप प्रदान करता है।**

(a) व्याकरण (b) इतिहास
(c) संकलन (d) इनमें से कोई नहीं

**Haryana Police Cons. Ex-02/11/2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** 'व्याकरण' वह शास्त्र है जो भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराता है तथा भाषा को स्थायी एवं मानक रूप प्रदान करता है।

**5. शब्द की रचना में किसका योगदान नहीं होता ?**

(a) प्रत्यय (b) पद
(c) धातु (d) उपसर्ग

**HSSC (TGT Hindi)Exam-2015 Shift-I**

**Ans. (b) :** शब्द की रचना में 'पद' का योगदान नहीं होता। जबकि प्रत्यय एवं उपसर्ग का शब्द की रचना में योगदान होता है। प्रत्यय मूल शब्द के अंत में लगकर नए शब्द बनाते हैं और उपसर्ग मूल शब्द के पहले लगकर नए शब्द बनाते हैं।

**6. हिन्दी के जिन वर्णों का उच्चारण करते समय केवल श्वास का प्रयोग किया जाए उन वर्णों को कहते हैं?**

(a) अघोष (b) सघोष
(c) अल्पप्राण (d) महाप्राण

**HSSC (TGT Hindi)Exam-2015 Shift-I**

**Ans. (a) :** हिन्दी के अघोष वर्णों का उच्चारण करते समय केवल श्वास का प्रयोग किया जाता है। जबकि 'घोष' में केवल नाद का उपयोग होता है। अल्पप्राण वे व्यंजन हैं जिनके उच्चारण में श्वास पूर्व से अल्प मात्रा में निकले और जिनमें 'हकार' जैसी ध्वनि न हो। और महाप्राण वे व्यंजन है जिसमें श्वास अधिक मात्रा में निकलती है तथा 'हकार' जैसी ध्वनि विशेष रूप से रहती है।

**7. हिन्दी वर्णमाला में 'अं' और 'अः' क्या हैं?**

(a) स्वर (b) व्यंजन
(c) अयोगवाह (d) संयुक्ताक्षर

**HSSC (TGT Hindi)Exam-2015 Shift-I**

**Ans. (c) :** हिन्दी वर्णमाला में 'अं' और 'अः' अयोगवाह है। अनुस्वार और विसर्ग न तो स्वर हैं, न व्यंजन। अयोगवाह का अर्थ है – योग न होने पर भी जो साथ रहे। स्वर उन वर्णों को कहते हैं, जिनका उच्चारण बिना किसी अवरोध के होता है। जबकि जिन वर्णों का उच्चारण स्वरों की सहायता से होता है उसे व्यंजन वर्ण कहते हैं। संयुक्ताक्षर दो या दो से अधिक व्यंजनों के मेल से बनते हैं। इनके बीच स्वर नहीं रहता है। जैसे – उत्थान, प्रस्थान आदि।

**8. निम्नलिखित में कौन से वर्ण का उच्चारण स्थान तालु नहीं है?**

(a) इ (b) द
(c) श (d) य

**Haryana (Cleark) Exam-11/12/2016 Shift-III**

**Ans. (b) :** दिए गए वर्णों में से 'द' वर्ण का उच्चारण स्थान तालु नहीं होगा। 'द' का उच्चारण स्थान दंत्य है। जबकि इ, श और य का उच्चारण स्थान 'तालव्य' है। च वर्ग का उच्चारण स्थान भी तालव्य है।

**9. निम्नलिखित में कौनसे वर्ण का उच्चारण स्थान मूर्धा नहीं है।**

(a) ट (b) थ
(c) ड (d) ऋ

**Haryana (Cleark) Exam-11/12/2016 Shift-I**

**Ans. (b) :** दिए गए वर्णों में से 'थ' वर्ण का उच्चारण स्थान मूर्धन्य नहीं है जबकि ट, ड और ऋ का उच्चारण स्थान मूर्धन्य है।



@apna_pdf

10 **विसर्ग का उच्चारण किसकी भाँति होता है?**
(a) श (b) ष
(c) स (d) ह
**Haryana (Cleark) Exam-27/11/2016 Shift-III**

**Ans. (d) :** विसर्ग का उच्चारण 'ह' वर्ण की भाँति होता है। श का उच्चारण स्थान तालव्य, स का उच्चारण स्थान दन्त्य तथा ष का उच्चारण स्थान मूर्धन्य है।

11. **भाषा की सबसे छोटी इकाई है -**
(a) वर्ण (b) शब्द
(c) पद (d) वाक्य
**Haryana (Cleark) Exam-27/11/2016 Shift-III**

**Ans. (a) :** भाषा की सबसे छोटी इकाई 'वर्ण' है। जबकि उच्चारण की दृष्टि से भाषा की लघुत्तम इकाई 'ध्वनि' है। साथ ही सार्थकता की दृष्टि से देखा जाये तो भाषा की सबसे छोटी इकाई 'शब्द' है। भाषा की व्याकरणीय योग्यता प्राप्त लघुत्तम इकाई 'पद' है। भाषा की पूर्ण सार्थक इकाई को 'वाक्य' कहते हैं।

12. **हिन्दी में प्रत्येक वर्ग के अंतिम वर्ण का उच्चारण स्थान क्या है?**
(a) दन्त (b) तालु
(c) नासिका (d) कण्ठ
**Haryana (Cleark) Exam-13/11/2016 Shift-I**

**Ans. (c) :** हिन्दी में प्रत्येक वर्ग के अंतिम वर्ण का उच्चारण स्थान नासिका है। इसमें ङ्, ञ्, ण्, न्, म् वर्ण आते हैं।

13. **स्वरों का जो रूप व्यंजनों के साथ जोड़ा जाता है, उसे कहते हैं:**
(a) मात्रा (b) वर्णमाला
(c) उच्चारण स्थान (d) आगत वर्ण
**Haryana (Cleark) Exam-13/11/2016 Shift-II**

**Ans. (a) :** स्वरों का जो रूप व्यंजनों के साथ जोड़ा जाता है, उसे 'मात्रा' कहते हैं। जबकि वर्णों के क्रमबद्ध और व्यवस्थित समूह को 'वर्णमाला' कहते हैं।

14. **'च' वर्ग का उच्चारण मुँह के किस भाग से होता है?**
(a) कण्ठ (b) मूर्धा
(c) ओष्ठ (d) तालु
**Haryana Police Const. (F)Exam-18/03/2018**

**Ans. (d) :** 'च' वर्ग का उच्चारण मुँह के तालु भाग से होता है। च वर्ग के अतिरिक्त इ, ई, य और श का उच्चारण स्थान भी तालव्य है। जबकि 'क' वर्ग का उच्चारण स्थान - कण्ठ, 'ट' वर्ग का उच्चारण स्थान - मूर्धा, 'त' वर्ग का उच्चारण स्थान - दन्त तथा 'प' वर्ग का उच्चारण स्थान - ओष्ठ है।

15. **'नंदनवन' शब्द में ............मात्रायें हैं**
(a) दो (b) चार
(c) छः (d) पाँच
**Haryana Police Cons. Exam-28/08/2016**

**Ans. (c) :** 'नंदनवन' शब्द में छः मात्रायें है। शेष दिए गए अन्य विकल्प असंगत है। छन्दशास्त्र के मात्रा नियम के अनुसार नंदनवन में छः मात्राएँ होगी। अनुस्वार वाले वर्ण में गुरु (ऽ) मात्रा का विधान होता है।

16. **देवनागरी लिपि में कुल (विसर्ग और अनुस्वार सहित) कितने स्वर माने गये हैं।**
(a) 15 (b) 11
(c) 13 (d) 10
**HSSC (Cleark) Exam-22/09/2019 Shift-I**

**Ans. (c) :** देवनागरी लिपि में कुल (विसर्ग और अनुस्वार सहित) 13 स्वर माने गये हैं। साधारणतः वर्णमाला में 11 स्वर माने जाते हैं। अनुस्वार (ं) और विसर्ग (:) को अयोगवाह माना गया है। अनुस्वार और विसर्ग न तो स्वर है न तो व्यंजन है। अयोगवाह का अर्थ है – योग न होने पर भी जो साथ रहे।

17. **_______ ध्वनि का उच्चारण 'ह्' के समान होता है तथा इसे स्वर से परे दो बिंदियों के रूप में लगाया जाता है।**
(a) स्वर (b) व्यंजन
(c) विसर्ग (d) इनमें से कोई नहीं
**Haryana Police Cons. Exam-31/10/2021Shift-III**


**Ans. (c) :** विसर्ग ध्वनि का उच्चारण 'ह्' के समान होता है। इसे स्वर के परे दो बिंदियों के रूप में लगाया जाता है। विसर्ग को अयोगवाह माना जाता है। विसर्ग का उच्चारण स्थान कण्ठ्य है।

18. **जिन स्वरों के उच्चारण में दीर्घ स्वरों से भी अधिक समय लगता है, वे ________ कहलाते हैं।**
(a) ह्रस्व स्वर (b) दीर्घ स्वर
(c) प्लुत स्वर (d) इनमें से कोई नहीं
**Haryana Polise Cons. Exam-31/10/2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** जिन स्वरों के उच्चारण में दीर्घ स्वरों से भी अधिक समय लगता है वे 'प्लुत स्वर' कहलाते हैं। जिन स्वरों के उच्चारण में कम से कम समय लगता है उन्हें ह्रस्व स्वर कहते है जबकि जिन स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वरों से दुगुना समय लगता है उन्हें दीर्घ स्वर कहते हैं।

19. **हिन्दी वर्णमाला में कुल कितने स्वर हैं ?**
(a) 11 (b) 9
(c) 13 (d) 10
**Haryana Polise Cons. Exam-31/10/2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** हिन्दी वर्णमाला में कुल 11 स्वर हैं। जिन वर्णों को स्वतंत्र रूप से बोला जा सकता है उसे स्वर कहते हैं। स्वर दो प्रकार के होते हैं –




20. **उच्चारित शब्द को लिखने में प्रयुक्त लिपि चिन्हों के व्यवस्थित रूप को ____ कहते हैं।**
(a) स्वर (b) वर्तनी
(c) विसर्ग (d) इनमें से कोई नहीं
**Haryana Polise (Durga Shakti) Exam-12/12/2021**

**Ans. (b) :** उच्चारित शब्द को लिखने में प्रयुक्त लिपि चिह्नों के व्यवस्थित रूप को 'वर्तनी' कहते हैं। किसी शब्द को लिखने में प्रयुक्त वर्णों के क्रम को 'वर्तनी' या 'अक्षरी' कहते हैं। अंग्रेजी में वर्तनी को 'Spelling' तथा उर्दू में 'हिज्जे' कहते हैं।



@apna_pdf